बाल भारती पब्लिक स्कूल, पीतमपुरा, दिल्ली - ११००३४

कक्षा- पाँचवीं (२०२०-२०२१)

अधिन्यास पत्र विषय - हिंदी व्याकरण उपविषय – क्रिया

(०५.१०.२०२० - ०९.१०.२०२०)

BBPS

शिक्षण परिणाम:-

प्रत्येक छात्र वाक्यों में प्रयुक्त क्रिया शब्दों को पहचान सकेगा।

प्रत्येक छात्र उचित क्रिया शब्दों का प्रयोग कर वाक्य पूरा कर सकेगा।

वाक्य के जिन शब्दों से किसी काम के करने या होने का पता लगे उसे क्रिया कहते हैं।

इस चित्र में क्या-क्या काम हो रहे हैं ?

- लड़की तितली पकड़ रही है।
- लड़का भाग रहा है।
- तितली उड़ रही है।
- माता-पिता आराम कर रहे हैं ।
- पानी में नाव चल रही है ।
- सूरज चमक रहा है ।

नीचे दिए गए वाक्यों में क्रिया छाँटिए :-

1. मीनू सो रही है।
2. शिवानी ने गाना गाया।
3. माँ ने खीर बनाई।
4. दादाजी ने अखबार पढ़ा।

सही क्रिया लगाकर वाक्य पूरा करो:-

1. बच्चे पतंग _______रहे हैं। (खेल/उड़ा)
2. घोड़ा तेज़ _______ है। (सोता/दौड़ता)
3. सोनाली ने हाथ ऊपर ______। (उछाला/उठाया)
4. रोहित क्रिकेट ________ है। (खिलता/खेलता)
5. राधा खाना ________ रही है । (बना / चला)

दिए गए क्रिया शब्दों पर गोला लगाइए :-

उड़ना भालू घर पीना फूल

उछालना आना सोना खेलना

उठना जाना मामा गाना देखना

बोलना देना खाना धोना शेर

PRPSPP

चित्र देखकर बताइए , चित्र में क्या-क्या हो रहा है ?